## नन्हे गांव में गंदा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

**गोटेगांव-करकबेल देशबन्धु।** विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कापखेड़ा के अंतर्गत आनेवाले ग्राम नन्हे गांव में मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा भारी लापरवाही की जा रही है। लोग गंदा और मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं। समूची गोटेगांव विधानसभा में कार्यरत जल जीवन मिशन के कार्यों में लगे डिफाल्टर ठेकेदारों को भी तत्कालीन कलेक्टर रिजु बाफना ने भी शो काज नोटिस दिए थे कि जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण और शहरी जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएं परंतु जिला प्रशासन इस ओर आंख बंद करके बैठा है। जिससे जिले के चारों ओर जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों में गंदा पानी आ रहा है।

शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ नन्हेगांव वासियों को नहीं मिल पा रहा है और शासन कहता है कि पंचायती राज चल रहा है तभी तो ग्रामीण खल रहा है यहां पर जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण नल-जल प्रदाय योजना लगाई है । लेकिन लगाने वाले ये भूल गये कि इसका क्रियान्वयन कैसे किया जाए । उक्त वाटर सप्लाई की लाइन स्कूल प्रांगण से निकालकर पूरे गांव फैलाई गयी। जिसकी बानगी ये है कि घटिया पाइप सामग्री जो कि कमीशनबाजी की भेंट चढ़ गई थी उस लाइन को डालने से स्कूल मैदान में लाइन फट गई। इस कारण भारी भरकम गड्ढा हो गया है। जिसकी लिखित शिकायत स्कूल प्रबंधन ने ग्राम पंचायत कापखेड़ा में एक माह पहले दी थी लेकिन आज तक कोई सुधार कार्य नहीं हुआ।



जलापूर्ति में लीकेज से स्थिति बिगड़ी

पानी स्कूल मैदान में भर रहा है। यह स्कूल का मैदान जलाशय में तब्दील होता नजर आने लगा है अब स्कूल मैदान में छोटे बच्चे खेलते हैं। शासन मूक और बधिर बना हुआ है अधिकारी तक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। नन्हे गांव के ग्रामीणों ने जल्द से जल्द वाटर सप्लाई में हो रहे लीकेज सुधार कर ठीक कर जनता और बच्चों के साथ जो रही समस्या को हल करने की मांग की है। शासन नारा तो देता है कि नल जल से वंचित नहीं रहेगा,अब कोई परिवार,जलजीवन मिशन पहुंचायेगा नल से जल सबसे द्वार, फिर परिणति करने में समय कैसा लगाया जाता है यह दलालों से पूछा जाए।

शासन इस ओर ध्यान देकर समस्या सुलझाए। स्मरण हो कि अब गर्मी का सीजन सिर पर हैं ऐसे में पानी ही समस्या बन जाए तो फिर जीवन कैसे बचेगा शासन जल की समस्या से निपटने बेताब है परंतु शासन के कर्णधार क्या कर रहे हैं शासन उन्हें फिर किस बात की पगार देता है जब गांव गांव विकास का नारा पीटा जा रहा है तो फिर नन्हेगांव कापखेड़ा ग्राम इससे वंचित क्यों?

### इनका कहना है -

मेरे पास इस बाबत शिकायत आई थी यह कार्य पंचायत के हैंड ओवर है मैने सरपंच को नंबर दे दिया है कार्य करने वाले जा दो चार दिन में समस्या हल हो जाएगी।

**रोहित सिंह** , उप यंत्री
पी एच ई विभाग, नरसिंहपुर।

तकरीबन इस समस्या को चार माह बीत चुके हैं स्कूल में पाइप लाइन लीकेज का पानी भरा होने होने से यह जलाशय बन गया है जिससे स्कूल में अध्ययन करने वाले बच्चे गिरते पड़ते नजर आते हैं शासन को इस ओर कोई ठोस कदम उठाने चाहिए ।इस संबंध में स्कूल प्रबंधन ने शिकायती पत्र भी सौंपा है।

**यशपाल सिंह लोधी**
उप सरपंच, नन्हेगांव
कापखेड़ा,करकबेल (गोटेगांव)

## कोकिला देवेंद्र चौधरी होंगी रामाकोना पंचायत की सरपंच

**रामाकोना, देशबन्धु।** जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना मे बुधवार को स्थानापन्न सरपंच को लेकर निर्वाचन संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत कार्यालय स्थानापन्न सरपंच को लेकर हुई बैठक में कुल 18 पंच शामिल हुए। उनमें से दो महिला कोकिला देवेन्द्र चौधरी एवं माधुरी संदीप लोणारे ने सरपंच के लिए नामांकन पर्चा भरा।

खंड पंचायत अधिकारी सुभाष ठाकरे ने बताया की इसके पूर्व पांच मार्च को स्थानापन्न सरपंच को लेकर बैठक हुई थी किन्तु कोरम के अभाव में बैठक स्थगित हुई थी। उच्च अधिकारी के निर्देश पर बुधवार को निर्वाचन की प्रक्रिया अनारक्षित महिला सरपंच पद के लिए पुन: प्रक्रिया शुरू की गई।

जिसमे कोकिला देवेंद्र चौधरी को कुल दस मत, माधुरी संदीप लोणारे को कुल आठ मत प्राप्त हुए जबकि कुल 18 पंचों ने इस निर्वाचन में हिस्सा लिया। इसके बाद कोकिला देवेंद्र चौधरी को रामाकोना ग्राम पंचायत के सरपंच निर्वाचित होने की घोषणा की गई।

### सार-समाचार

## भारत निर्वाचन आयोग चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

**सिवनी, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और प्रदेशस्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्तर पर अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल, 2025 तक सुझाव भी मांगा है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग दवारा एक सम्मेलन किया गया था।

जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित तौर पर बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को सख्ती से कानूनी दायरे के भीतर हल करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है। राजनीतिक दल, 28 हितधारकों में से एक है, जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में आयोग द्वारा मान्यता दी गई है । आयोग द्वारा राजनीतिक दलों को जारी किए गए पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960, निर्वाचन संचालन नियम, 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## स्वयंसेवकों का सात दिवसीय शिविर प्रारंभ



**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 11 मार्च मंगलवार से प्रारंभ हुआ है यह शिविर जो नागदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चिकलमऊ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर ए के टांडेकर के मार्गदर्शन में एनएसएस अधिकारी डॉक्टर स्क शिंदे के निर्देशन में प्रारंभ हुआ है जिसे मंगलवार को महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर संगीता वाशिंगटन सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने बधाई देकर रवाना किया। 7 दिनों तक स्वयंसेवक ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान नशा मुक्ति अभियान पॉलिथीन मुक्त ग्राम सहित अनेक जन जागरूकता की मुहिम चलाएंगे।

## मोटर साइकिल की टक्कर से दो युवक घायल



**परासिया, देशबन्धु।** थाना परासिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम सोनापिपरी के पास दो मोटर साइकिल आपस में टकरा गयी, जिसमें दो युवक घायल हो गये हैं। सूचना प्राप्त होते ही तत्काल परासिया थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। आरक्षक विपिन पांडे, पायलेट संजय डेहरिया ने बताया कि दो मोटर साइकिल की आपसी टक्कर हो जाने से दो युवक अंकित इवनाती एवं मयंक इवनाती निवासी जमकुंडा घायल हो गये थे। एफ आर व्ही द्वारा घायलों को शासकीय अस्पताल परासिया पहुँचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार उपरांत घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

## बस चालक की अभद्रता पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, दी सख्त चेतावनी

**सौसर, देशबन्धु।** नागपुर से छिंदवाड़ा जा रही एक बस में बस चालक द्वारा एक मासूम बच्ची के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि चालक ने बच्ची को बस में बैठाने से इनकार कर दिया, जिससे वह असहाय स्थिति में रह गई।

बच्ची ने घर पहुंचकर जब अपने पालकों को इस घटना के बारे में बताया, तो वे बेहद आक्रोशित हो गए। इसके बाद, ग्रामीणों के सहयोग से संबंधित बस को रास्ते में रुकवाया गया। गुस्साए ग्रामीणों ने चालक को जमकर फटकार लगाई और भविष्य में ऐसी घटना न दोहराने की सख्त चेतावनी दी।

**बस चालकों की मनमानी से जनता परेशान** - स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। आए दिन नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर बोरगांव से यात्रियों को बस में बैठाने में आनाकानी की जाती है। इससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लापरवाह बस चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें।

### नागपुर-छिंदवाड़ा मार्ग पर बच्ची को चढ़ने नहीं दिया बस में, ग्रामीणों ने चालक को लगाई फटकार




इस घटना के बाद क्षेत्र में रोष का माहौल देखा गया है, और ग्रामीण अब बस सेवाओं में सुधार की मांग कर रहे हैं।

## बिना अनुमति नहीं होंगे बड़े कार्यक्रम

**छपारा, देशबन्धु।** होली के त्यौहार के मद्देनजर छपारा थाना में शांति समिति की बैठक का 11 मार्च को दोपहर 1 बजे हुआ। बैठक में बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नगर सहित क्षेत्रीय ग्रामों में होली का त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से आनन्द भरे माहौल में मनाए जाने नगर निरीक्षक सौरभ पटेल एवं नगर परिषद सीएमओ श्याम गोपाल भारती ने अपील की एवं पूर्व में प्रशासनिक अनुमति लिए बिना किसी भी बड़े कार्यक्रम के आयोजन पर पाबंदी की।



शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रशासन की गाइडलाइन के विषय पर बताया गया इसके साथ-साथ उक्त बैठक में नगर के बस स्टैंड परिसर से हटाया गया हाइमास्क बिजली का पोल जल्द लगाने सहित नगर में नियमित जल आपूर्ति एवं साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने जैसी आवश्यक सेवाएं को लेकर नगर परिषद सीएमओ श्याम गोपाल भारती को कहा गया वहीं नगर निरीक्षक सौरभ पटेल द्वारा द्वारा त्यौहार शांति पूर्वक संपन्न हो पुलिस बल तैनाती को लेकर नगर के चौक चौराहे चिन्हित किए गए।

टीआई द्वारा बताया गया कि होली उत्सव में पुलिस बल द्वारा विशेष गस्त बढाई जायेगी बैठक में गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर में 130 लोगों ने लिया हिस्सा

**सौसर, देशबन्धु।** 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बड़गोना जोशी मोहखेड ब्लॉक के लिंगा में एस्टर डीएम हेल्थ केयर और अशोक लेलैंड एवं डी फिनिक्स फाउंडेशन के द्वारा ष्टस्क्रप्रोग्राम के तहत बड़गोना ग्राम में 130 लोगो का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवम् नि:शुल्क दवा वितरण एवम् सभी स्वास्थ्य जाँच की गई। जिसमे समस्त ग्रामवासियो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिवीर में सभी गांव की महिला एवं लड़कियों को सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया। महिला दिवस के अवसर पर तोहफे का भी वितरण किया गया ।

## विधानसभा मे मार्गो के निर्माण एवं सर्किट हाउस जीर्णोद्धार की मिली स्वीकृति

**सिवनी, देशबन्धु।** 12 मार्च 2025 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा विधानसभा क्षेत्र मे मार्गो के निर्माण एवं सर्किट हाउस जीर्णोद्धार की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

आज विधायक श्री राय के प्रयासों के चलते मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र मे सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गोरखपुर से गौरपानी मार्ग लंबाई 1.4 किमी. 150 लाख लागत तथा इसी प्रकार ग्राम बम्होडी से फरेदा मार्ग लंबाई 2.6 किमी. 568 लाख एवं सिवनी नगर स्थित सर्किट हाउस के जीर्णोद्धार हेतु 50 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुयी। जिस पर विधायक श्री राय द्वारा विधानसभा वासियों की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

## भक्ति करते समय मन को रखें शांत

**सौसर, देशबन्धु।** जब-जब धरती पर संकट आता है और आसुरी शक्तियों का अत्याचार बढता है, तब तब भगवान भक्तों की रक्षा के लिये अवतार लेते है। भक्त प्रल्हाद की रक्षा के लिये भगवान नरसिह रूप में प्रगट हुये, राजा बलि के



अभिमान को दूर करने के लिये वामन अवतार लिया और कंस के अत्याचारों से मुक्त करने के लिये श्रीकृष्ण के रूप में जन्म लिया। भगवान की भक्ति करते समय मन को शांत रखना चाहिये और बुरे विचारों से बचना चाहिये।

जो लोग इस बात का ध्यान रखते है, उन्हें ईश्वर की कृपा मिलती है उक्ताशय का दहिलाही किर्तन भागवताचार्य नंदकुमार शास्त्री आलंदी महाराष्ट्र ने पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड के गृहग्राम मांगुरली में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ में कहे।

भागवताचार्य शास्त्री महाराज ने कहा कि, ईश्वर का ध्यान करने के साथ ही मन में पवित्रता, दिव्यता और ऊर्जा का संचार होता है। व्यक्ति सहज होता है और अनुभव करता है कि, उसकी दुविधायें, क्लेश और सभी प्रकार की समस्याओं का अंत होगा। ईश्वर की स्मृति एक बडा आश्वासन है, जिससे मनुष्य निर्भीक निडर बनता है।

इस धार्मिक कार्यक्रम के पावन पर्व के शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, मीना नानाभाऊ मोहोड के द्वारा भागवताचार्य शास्त्री महाराज का शाल श्रीफल से सत्कार किया। दहिलाही कीर्तन के बाद श्रद्धालूओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

## महिलाएं किसी से कम नहीं : लता

**सौसर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की पूर्व महिला अध्यक्ष लता गोपालजी येलकर ने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और दृढ़ संकल्प से वे अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को गृहिणी तक सीमित न रहने, बल्कि हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया, तो वही उत्कृष्ट स्कूल की प्रिंसिपल शैलजा राजेंद्र बत्रा ने महिलाओं को शिक्षा से किस प्रकार अपने आप को सशक्त बनाएं और शिक्षा का महत्व समझाया ।

**महिला दिवस का विशेष आयोजन** - हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है, लेकिन सावित्रीबाई फुले की शिक्षाओं को ध्यान में रखते हुए भाजपा कार्यालय सौसर में यह आयोजन 10 मार्च को विशेष रूप से किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने महिलाओं को प्रेरित किया। उषा भमोरे, भारती चंदनकर, आशा ठाकुर, भारती बरमे, भारती चौरासे ने महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।




इस अवसर पर उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कठिनाइयों के बावजूद अपने लक्ष्य को प्राप्त किया नगर वार्ड नंबर 15 की मूल निवासी कुसुमताई नामदेवराव धोटे की संघर्ष गाथा प्रेरणादायक रही, जिन्होंने अपने बेटे राहुल को कलेक्टर बनाने का सपना साकार किया।

**पत्रकारिता के क्षेत्र कम समय में उभरी**निर्भीक महिला पत्रकार - रिंटू खान को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने पत्रकारिता में अपनी अलग पहचान बनाई। भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड़ और लता येलकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को कमजोर नहीं समझना चाहिए, वे अगर ठान लें, तो हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं भोजन की विशेष व्यवस्था की गई और उन्हें सम्मानित किया गया।

## दैनिक राशिफल

गुरुवार 13 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी, नक्षत्र- उ.फा.।

**मेष** आज वाणी पक संयम रखें। स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

**वृषभ** आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** आज का दिन लाभदायी है। नौकरीमें अधिकारी आपके काम से खुश रह सकते हैं। व्यापार में भी आय बढ़ने की आशा है। `क-

**कर्क** अधिकारियों के साथ वाणी और व्यवहार में संभलकर चलें। शारीरिक रूप से अस्वस्थता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में विघ्न आ सकता है।

**सिंह** आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतने की सलाह आपको दी जाती है। स्वास्थ्य के मामले में संभलकर चलना होगा। मानसिक रूप से व्यग्रता बनी रहेगी।

**कन्या** आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

**तुला** आज आप व्यवसाय बढ़ाने का प्रयास करेंगे। रोजाना की आय बढ़ाने के आपके प्रयास सार्थक हो सकते हैं।

**वृश्चिक** साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं।

**धनु** आज आप हर मामलों में सावधान रहें। माता के स्वास्थ्य में हो रहा परिवर्तन आपके विचारों को नेगेटिव कर सकता है। इससे आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा।

**मकर** जीवनसाथी से आपका व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण होगा। मित्रों के साथ पर्यटन पर जाने का कार्यक्रम बना पाएंगे। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

**कुंभ** अपने खर्च पर आपको संयम रखना होगा। क्रोध और वाणी पर नियंत्रण किसी से वाद-विवाद होने से बचाएगा।

**मीन** आज का आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आप उत्साही बने रहेंगे। नए काम की शुरुआत करने के लिए समय अच्छा है।

म.